हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2026

तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

13 पंचायत से एनओसी तक नहीं, लाखों ईंटे बनाकर...



14 कोर्रा में धारा 40 की कार्रवाई के बाद बदला पंचायत का...






## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर 14 को

**धमतरी।** रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धमतरी व इंडियान रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा धमतरी द्वारा रविवार को जिला अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। रेडक्रास सोसायटी ने लोगों से रक्तदान करने व अपने परिवारजनों तथा साथियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की अपील की है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**धमतरी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मगरलोड में एकवर्षीय एवं द्विवर्षीय व्यवसाय में प्रवेश के लिए 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मगरलोड में कोपा, मैकेनिक डीजल, विद्युतकार तथा फिटर में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आईटीआई मगरलोड में सम्पर्क अथवा विभागीय वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में दिनांक 9 जून 2026 को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का शुभारंभ किए जाने के पश्चात जिले में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। हेल्पलाइन संचालन के दूसरे दिन अर्थात 10 जून 2026 तक जिले में कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए सभी विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों, अनुविभागीय अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने लॉगिन में प्राप्त आवेदनों का तत्काल परीक्षण करें तथा प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई आवेदन संबंधित विभाग अथवा कार्यालय से संबद्ध नहीं है, तो उसे प्राप्ति की तिथि से तीन दिवस के भीतर कॉल सेंटर को रिटर्न किया जाना अनिवार्य है। निर्धारित समय-सीमा के उपरांत आवेदन वापस करने की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रभावी संचालन हेतु जिपं के मीटिंग हॉल में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। प्रशिक्षण के दौरान पोर्टल संचालन, शिकायतों के पंजीयन एवं निराकरण की प्रक्रिया, प्रोफाइल अद्यतन, लॉगिन संबंधी जानकारी तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई।

# रिकॉर्ड ऑनलाइन करने फूंके लाखों रुपए, व्यवस्था पुराने ढर्रे पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ऑनलाइन करने के लिए लाखों रुपए फूंकने के बाद भी जरूरतमंद किसान पुराने भू अभिलेखों के लिए सौ साल पुराने दस्तावेजों के पन्ने पलट रहे हैं। ये दस्तावेज तो पहले ही जर्जर हो चुके हैं। अब प्रतिलिपि देने में भी इन दस्तावेजों का उपयोग किया जा रहा है, जिसके चलते इन दस्तावेजों की हालत बेहद खराब हो गई है।

भू अभिलेख प्रकोष्ठ में सालों पुराने दस्तावेज हैं। ये रिकार्ड काफी महत्वपूर्ण हैं। नए रिकार्ड के दुरूस्तीकरण, जाति प्रमाण पत्र, बच्चों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र, कृषि ऋण सहित अन्य कार्य इन दस्तावेजों के बगैर संभव नहीं है। सालों इन दस्तावेजों के पन्ने पलट-पलट कर जरूरतमंदों को सत्यापित प्रतिलिपि दी जा रही है, जिसके चलते ये दस्तावेज हद से ज्यादा जर्जर हो चुके हैं। इन दस्तावेजों को बचाने के लिए वर्ष 2016-17 में इन दस्तावेजों की स्केनिंग कर डिजिटल कापी तैयार की गई। इसे ऑन लाइन भी कर दिया गया। इसमें लाखों रुपए खर्च भी किए गए। डिजिटल करने की प्रक्रिया साल भर से ज्यादा चली। दस्तावेजों का ऑन लाइन हुए आज 10 साल होने वाले हैं, लेकिन आज तक पुराने ही सिस्टम से जरूरतमंदों को रिकार्ड की प्रतिलिपि दी जा रही है। भू अभिलेखागार में आज भी अति जर्जर हो चुके इन दस्तावेजों के पन्ने रोज कई बार पलटे जा रहे हैं। कई दस्तावेज तो इतने खराब हो चुके हैं कि उनका पन्ना पलटना भी मुश्किल है।

## विरासत में मिले सौ साल से ज्यादा पुराने राजस्व रिकार्ड की रोज उड़ रही धज्जी

### तहसीलों में उपलब्ध है साफ्ट कॉपी

दस्तावेजों के स्केनिंग के बाद इसे ऑन लाइन किया गया। इसके अतिरिक्त हजारों रूपए खर्च कर हार्डडिस्क में इन दस्तावेजों को अपलोड कर सभी तहसील कार्यालय में भेजा गया है, लेकिन तहसील कार्यालयों में इन दस्तावेजों का उपयोग ही नहीं किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्केनिंग के समय दस्तावेजों को सही क्रम में व्यवस्थित करने में चूक हो गई। दस्तावेजों के खसरा नम्बर आदि के आधार पर क्रम से व्यवस्थित किया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया, जिससे ▸▸ शेष पेज 12 पर



### परेशानी होगी कम

अभी भी पुराने सिस्टम से दस्तावेजों की प्रतिलिपि दिए जाने से सबसे ज्यादा परेशानी जरूरतमंदों को हो रही है। तहसीलों में प्रतिलिपि नहीं दी जा ही है। उन्हें कलेक्टोरेट स्थित अभिलेखागार आना पड़ता है। दूर दराज के लोगों को धमतरी आने में काफी परेशानी होती है । तहसील कार्यालय में यह दस्तावेज उपलब्ध कराए जाते तो उन्हें नजदीक में ही प्रतिलिपि मिल जाती। इसके अतिरिक्त दलालों से मुक्ति मिलती।

## साल्हेवारपारा के गाड़ापारा बस्ती की घटना

# गौवंश काटे जाने की आशंका पर बवाल, 86 किलो मांस बरामद





■ फारेंसिक जांच के लिए मांस का सेम्पल भेजा गया हैदराबाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के एक बस्ती में गौवंश काटे जाने की आशंका पर भारी बवाल मच गया। मौके पर पहुंचे हिन्दू संगठन व पुलिस ने 86 किलोग्राम मांस बरामद किया है। जप्त मांस का सेम्पल फारेंसिक जांच के लिए हैदराबाद के लैब भेजा गया है। फिलहाल आरोपी को फरार बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार के दोपहर शहर में उस समय खलबली मच गई जब साल्हेवारपारा के गाड़ापारा बस्ती में एक व्यक्ति द्वारा गौवंश काटकर उसका मांस बिक्री किए जाने की जानकारी मिली। जानकारी मिलते ही हिन्दू संगठन व गौसेवक बड़ी संख्या में गाड़ापारा पहुंच गए। जहां बड़ी मात्रा में पशु मांस पाया गया। वहीं कुछ दूरी पर स्थित तालाब किनारे पशु का पैर व खाल पड़ा देखा गया। हिन्दू संगठन के सदस्यों ने मांस काटने वाले व्यक्ति को पकड़ने के लिए दौड़ाया लेकिन उक्त व्यक्ति भीड़ को देख मौके से फरार हो गया। संगठन ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में कटा हुआ मांस जब्त किया। घटना से लोग आक्रोशित हो गए। पशु विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम को मौके पर बुलाया गया। पशु विशेषज्ञों ने बरामद मांस का वजन किया तो कुल 86 किलोग्राम पाया गया। बरामद मांस का सेम्पल लेकर हैदराबाद के लैब में भेजा गया। फारेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि उक्त मांस किस पशु का है।

मौके पर मौजूद सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, कोतवाली टीआई राजेश जगत सहित पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी है। वहीं फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### हिन्दू जागरण मंच का फूटा आक्रोश

साल्हेवारपारा क्षेत्र में गौवंश काटे जाने की सूचना पर हिन्दू जागरण मंच में भारी आक्रोश है। मंच ने इस घटना को हिन्दू समाज के धार्मिक भावनाओं व आस्था पर गंभीर अघात बताते हुए दोषियों के विरूद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है। मंच के पदाधिकारियों ने सिटी कोतवाली पहुंच प्रशासन व पुलिस से इस अक्षम्य कृत्य में संलिप्त दोषियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र जेल भेजने की मांग की है। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि गुरूवार को शाम तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो हिन्दू जागरण मंच व्यापक आंदोलन, उग्र प्रदर्शन एवं सिटी कोतवाली के घेराव के लिए बाध्य होगा। इस दौरान मंच के पुरूषोत्तम निषाद, चित्रेश साहू, डाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, सत्यम सिन्हा, अभिषेक साहू, संजय साहू, देवराज परिहार, संत साहू, भावेश धीवर, अंश, सन्नी गुप्ता, हिमांशु साहू, प्रदीप देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता माजूद रहे।

# प्रतिबंध के बाद भी नहीं थम रहा अवैध रेत उत्खनन, खनिज विभाग की बढ़ी चुनौती





■ 10 जून से 15 अक्टूबर तक उत्खनन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

वर्षाकाल शुरू होते ही जिले में 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद अवैध खनन की आशंका बनी हुई है। खनिज विभाग ने सभी वैध रेत खदानों में उत्खनन बंद करने के निर्देश जारी किए हैं। अब केवल स्वीकृत भंडारण केंद्रों से ही रेत की सप्लाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंध के दौरान नदी में रेत उत्खनन करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार वर्षाकाल में नदियों में खनन कार्य प्रतिबंधित रहता है, ताकि नदी के प्राकृतिक स्वरूप और जलीय जीवों को नुकसान न पहुंचे। जिले के सभी खदान संचालकों को पूर्व में ही आदेश की जानकारी दे दी गई थी।

खनिज विभाग के अनुसार भंडारण केंद्रों को अनुमति देने से पहले पंचायत एनओसी, फॉरेस्ट रिपोर्ट, आवेदन शुल्क और सुरक्षा राशि सहित सभी दस्तावेजों की जांच की जाती है।

प्रतिबंध लागू होने के बाद भी जिले के कई क्षेत्रों में अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें सामने आ रही हैं। दर्री, लीलर और दोनर क्षेत्र में पहले भी मशीनों के जरिए अवैध खनन होने की बात सामने आती रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ खदानों के आसपास अब भी जेसीबी मशीनें खड़ी देखी जा रही हैं। लोगों का आरोप है कि कुछ भंडारण केंद्रों में रेत बेचने के बाद रात के समय फिर से नदी से रेत निकालकर डंप किया जाता है।

खनिज विभाग की टीम लगातार निगरानी और कार्रवाई कर रही है। 1 अप्रैल से 10 जून तक अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के मामलों में 38 लाख 44 हजार 180 रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

खनिज विभाग ने लोगों से केवल अधिकृत भंडारण केंद्रों से ही रेत खरीदने की अपील की है। विभाग का कहना है कि अवैध उत्खनन और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### जिले की खदानें बंद, भंडारण केंद्रों से सप्लाई

धमतरी जिले में परेवाडीह, दोनर, दर्री, लीलर, अरौद, बुड़ेनी, गिरौद, मंदरौद, चंद्रसूर, परखंदा, गाड़ाडीह, नारी, बारना और सोनेवारा सहित कई वैध रेत खदानें संचालित हैं। इन सभी खदानों में उत्खनन पर रोक लगा दी गई है। निर्माण कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए जिले में 57 भंडारण केंद्रों को अनुमति प्रदान की गई है, जहां से लोगों को रेत उपलब्ध कराई जाएगी।

### रेत के दाम बढ़ने की आशंका

रेत खदानों के बंद होने के बाद जिले में रेत की कीमतों में बढ़ोतरी शुरू हो गई है। वर्तमान में ट्रैक्टर रेत 1200 से 1500 रुपये तक बिक रही है। लोगों का मानना है कि आने वाले दिनों में कीमतें और बढ़ सकती हैं। इसी वजह से कई लोगों ने पहले से ही रेत का भंडारण शुरू कर दिया है।

# सरपंच की कुर्सी पर सरपंच पति के बैठने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत गोबरा में सरपंच की कुर्सी पर बैठकर सरपंच पति की कार्रवाई की निष्पक्ष जांच करने की मांग पंचों ने की है।

कुरूद तहसील के ग्राम पंचायत गोबरा के पंच महेश, गिरीश, हेमंत, यमुना साहू, डेमीन साहू, मंजूलता आदि ने कलेक्टर को शिकायत आवेदन कर कहा है कि ग्राम पंचायत गोबरा में सरपंच पद पर मतिबाई का निर्वाचन हुआ है। सरपंच मतिबाई सरपंच की कार्रवाई में सरपंच की कुर्सी पर नहीं बैठती है, उसके स्थान पर सरपंच पति कुर्सी पर पदासीन होकर पंचायत की कार्रवाई करता है। पंचायतीराज अधिनियम में ऐसा करना पूर्ण अवैधानिक एवं गलत है। पंचगणों द्वारा विरोध करने पर कुछ महिला पंच समूह बनाकर पंचों के खिलाफ मारपीट का झूठा रिपोर्ट कुरुद थाने में दर्ज कराने की धमकी देता है। वही सरपंच ने 25 डिस्मिल शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण एवं बाड़ी बनाया है। उक्त दोनों मामलों की जांच कर कार्रवाई करने तथा मारपीट का झूठा आरोप का निष्पक्ष जांच करने की मांग की गई है।



ग्राम पंचायत गोबरा के पंचों ने कलेक्टर से जांचकर कार्रवाई की मांग की

# चार प्रधान पाठकों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गुरुवार को फिर 4 प्रधानपाठकों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई। इन प्रधान पाठकों पर आरोप है कि उन्होंने अनुभव, एनसीसी, खेल, बीएड के फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर गलत तरीके से अंक पाया है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी के न्यायालय में गुरवार को चार प्रधानपाठकों द्वारा प्रस्तुत अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि रमशीला ध्रुव प्रधानपाठक प्राथमिक शाला सरईरूख पर एनसीसी प्रमाण पत्र में 2.5 अंक का लाभ, 12 वीं का प्राप्तांक बढ़ाने, घनश्याम सिन्हा प्रधानपाठक प्राथमिक शाला चंदना पर खेल प्रमाण पत्र पर 4.5 अंक का लाभ एवं फर्जी बीएड प्रमाण पत्र में 11 अंक लाभ, टीनूबाला साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला सोनपैरी पर 3 वर्ष अनुभव पर 12 अंक एवं खेल प्रमाण पत्र पर 4.5 अंक, लुकेश यादव प्रधानपाठक प्राथमिक शाला गाड़ाडीह पर 1 वर्ष अनुभव पर 5 अंक एवं खेल प्रमाण पत्र पर 4.5 अंक लाभ लेने का आरोप है। सभी के प्रमाण पत्र फर्जी है। कृष्ण कुमार साहू ने सशत्र पुलिस बल के साथ न्यायालय में उपस्थित होकर शिक्षाकर्मियों के अग्रिम जमानत देने पर आपत्ति दर्ज कराई। शासन की ओर से अभियोजन अधिवक्ता मनोहर लाल क्षत्रीय ने शासन का पक्ष रखते हुए प्रस्तुत अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करने आपत्ति दर्ज की। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अमित झा ने जमानत दिए जाने अपना पक्ष रखा। सभी पक्षों को सुनने बाद न्यायाधीश श्री तिवारी ने चारों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।



आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू पुलिस की कड़ी सुरक्षा में न्यायालय पहुंचे

## व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा किया गया आयोजन

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई प्री बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित प्री बीएड एवं प्री बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा बुधवार को धमतरी शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासन एवं परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और अनुशासन के विशेष इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को निर्धारित नियमों के तहत ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

प्री बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए शहर में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस परीक्षा में 2649 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2045 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 604 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं प्री बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए 5 केंद्र बनाए गए थे। इसमें 1127 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें 875 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 252 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए।





दोनों परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की गईं। व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सभी केंद्रों में सख्ती से पालन कराया गया। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित प्रतिबंधित सामग्री पर रोक रही। परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया।

परीक्षा समन्वयक एवं पीजी कॉलेज धमतरी के प्राचार्य डॉ. व्ही के पाठक ने बताया कि सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। कहीं से भी नकल या अव्यवस्था की शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों मनोज शुक्ला, संजय पाठक एवं विनय चौधरी ने बताया कि अधिकांश प्रश्न पाठ्यक्रम आधारित थे और उन्होंने सभी प्रश्न हल कर लिए हैं। कुछ परीक्षार्थियों ने कहा कि प्रश्न थोड़े घुमावदार थे, जिसके कारण समय प्रबंधन में कठिनाई हुई और कुछ प्रश्न छूट गए। इसके बावजूद परीक्षार्थियों ने अच्छे परिणाम की उम्मीद जताई है।

# पुलिस को चकमा देकर भागा गांजा तस्करी का आरोपी पुनः गिरफ्तार

## मेडिकल जांच के दौरान अस्पताल परिसर से हो गया फरार, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

धमतरी जिले के नगरी विकास खंड नगरी में दिन बुधवार को शाम 4बजे जांच नाका सांकरा के पास जांच के दौरान उड़ीसा से आ रही कार पर जांच किया गया जिसमें करीब 18 किलो गांजा बरामद कर तीन आरोपी पकड़े गए थे। दूसरे दिन पुलिस विभाग के कर्मचारी के द्वारा उसे मेडिकल जांच के लिए सिविल अस्पताल नगरी लाया गया था। इस दौरान पलाश गजभिए नागपुर निवासी आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, इस घटना के बाद बाद पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है और उसकी तलाश के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के नागपुर निवासी आरोपी को बुधवार को सिहावा थाना पुलिस ने सांकरा बैरियर के पास गांजा परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा बरामद कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और उसे हिरासत में लिया था।



गुरुवार को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत आरोपी को मेडिकल मुलाहिजा के लिए नगरी अस्पताल लाया गया था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान आरोपी ने मौका पाकर पुलिस की निगरानी से खुद को छुड़ा लिया और अस्पताल परिसर से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल और पुलिस विभाग में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आरोपी के फरार होने की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद जिलेभर में अलर्ट जारी कर दिया गया। पुलिस की विशेष टीमों को आरोपी की तलाश में लगाया गया है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। एसपी कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार समाचार लिखे तक फरार आरोपी को सिहावा पुलिस ने पुनः गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में हुई घायल युवती की मौत

**कांकेर।** थाना कोरर क्षेत्र के मावलीपारा स्थित राइस मिल के पास हुए सड़क हादसे में घायल 19 वर्षीय रीना कुंजाम की इलाज के दौरान मौत हो गई। 21 मई 2026 को रीना मोटरसाइकिल से जा रही थी, तभी किशनपुरी की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक आ रही बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रीना गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 125(क) एवं 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### भावगीर नवागांव में पांच लीटर महुआ शराब जब्त

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम भावगीर नवागांव में एक महिला के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब एवं बिक्री रकम 100 रुपये बरामद की है। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम 10 जून को महिला के घर में दबिश दी, जहां शराब बिक्री के लिा रखी गई थी। कार्रवाई के दौरान आरोपिया भावगीर नवागांव निवासी 40 वर्षीय यशोदा कोर्राम के कब्जे से कुल 600 रुपये मूल्य की शराब एवं नकदी जब्त की गई। आरोपिया के विरुद्ध धारा 34(1)(ख) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### घायल की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत बिजलीपारा चारामा निवासी मुजीब खान पिता अमजद खान को गंभीर चोट आने की वजह से 19 मई को मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए धमतरी के जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो चारामा थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### तहसीलों में उपलब्ध है साफ्ट कॉपी

दस्तावेजों को खोजने में परेशानी होती है, परंतु चाहे तो इन दस्तावेजों का उपयोग किया जा सकता है। दस्तावेजों को मैनुअली खोजने में जितना वक्त लगता है। साफ्ट कॉपी के माध्यम से खोजने में भी उतना ही वक्त लगेगा। इसके बाद भी साफ्ट कॉपी का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

# यूनिसेफ के सहयोग से सिकल सेल के मरीजों की हुई स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

संयुक्त राष्ट्र संघ की इकाई यूनिसेफ द्वारा जिला अस्पताल एवं एमसीसीआर ट्रस्ट के सहयोग से समाज कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। विशेष रूप से सिकल सेल से पीड़ित 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए आयोजित इस शिविर में नए मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर चिन्हित मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं मेडिकल सर्टिफिकेट प्रदान किए गए, जिससे उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

विशेषज्ञों ने बताया कि सिकल सेल रोग अक्सर माता-पिता से बच्चों में पहुंचता है और जागरूकता के अभाव में कई परिवार वर्षों तक इससे अनजान रहते हैं। परिजनों ने विवाह पूर्व सिकल सेल जांच को अनिवार्य रूप से बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। इसी क्रम में धमतरी जनपद में महिला स्व सहायता समूहों के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें सिकल सेल रोग, बाल मधुमेह (टाइप-1 डायबिटीज), जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी), मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पूर्ण टीकाकरण तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत धमतरी की सीईओ वर्षा रानी चिकनजूरी, यूनिसेफ की स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. सुरभि शुक्ला, डॉ. स्वाति तिवारी, डॉ. रश्मि राव, एमसीसीआर के डॉ. श्याम कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चिन्हित मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं मेडिकल सर्टिफिकेट प्रदान किए गए





**सिकल सेल रोग से जुड़े अपने अनुभव बताए** शिविर के दौरान कई परिजनों ने सिकल सेल रोग से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। एक आदिवासी महिला ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य जांच में उसे सिकल सेल होने की जानकारी मिली। बाद में उसकी दोनों बेटियों में भी यह बीमारी पाई गई, जबकि जांच में उसके पति भी सिकल सेल वाहक निकले। एक अन्य परिवार ने बताया कि बेटे में बीमारी की पुष्टि होने के बाद ही पति-पत्नी को अपनी बीमारी का पता चला।

### घास जमीन पर रेत डंप कर कानून और प्रशासन को दिखा रहे ठेंगा

# कोकड़ी में हो रही सफेद रेत से काली कमाई, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



प्रदेश में सुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। धमतरी जिले के कुरुद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोकड़ी (नारी) में रेत माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे पिछले 7 वर्षों से गांव की सरकारी घास भूमि पर अवैध रूप से रेत का विशाल भंडारण कर रहे हैं। जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली और विभागीय निगरानी पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि खनिज विभाग के कथित संरक्षण के चलते प्रशासन इस पूरे मामले में मूकदर्शक बना हुआ है। जिससे रेत के इन सौदागरों की दादागिरी चरम पर पहुंच चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार नारी स्थित महानदी से दिन-रात हाइवा और ट्रैक्टरों के जरिए भारी मात्रा में रेत लाकर इस सरकारी घास भूमि पर डंप की जा रही है। सूत्रों की मानें तो इस अवैध कारोबार में गांव के ही कुछ स्थानीय युवाओं की संलिप्तता है, जो रातों-रात अमीर और रेत का सौदागर बनने की चाह में बिना किसी कानूनी डर के इस काले खेल को अंजाम दे रहे हैं।

### विरोध करने पर कुचलने की धमकी, दहशत में ग्रामीण

यह मामला सिर्फ अवैध भंडारण तक सीमित नहीं है, बल्कि यहाँ खुलेआम गुंडागर्दी और दादागिरी का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि कोई भी जागरूक नागरिक या ग्रामीण इस अवैध डंपिंग का विरोध करता है तो माफिया और उनके कारिंदे उन्हें हाइवा के नीचे रौंद देने की सीधी धमकी देते हैं। इस खौफ के कारण लोग खुलकर सामने आने से कतरा रहे हैं।

### सरपंच बोले : रोड बर्बाद, स्कूली बच्चों की जान को खतरा, प्रशासन करे सख्त कार्रवाई

गांव के सरपंच गोपेश्वर साहू ने कहा कि गांव की इस घास भूमि पर पिछले 7 साल से अधिक समय से अवैध रेत भंडारण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा इसके लिए कोई एनओसी जारी नहीं की गई है। हमने कई बार समझाइश देकर इसे बंद कराने का प्रयास किया, लेकिन ये लोग दादागिरी पर उतर आते हैं। पता चला है कि बस्ती के ही कुछ लोगों ने बोली लगाकर इसे ठेके पर बेच दिया है। सरपंच ने आगे बताया कि चौबीसों घंटे भारी-भरकम हाइवा वाहनों के चलने के कारण गांव की सड़कें पूरी तरह से तबाह हो चुकी हैं। धूल के गुबार और हाई स्पीड भारी वाहनों की वजह से स्कूली बच्चों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। सरपंच और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध रेत डंपिंग पर तत्काल सख्त कार्रवाई कर इसे पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए।

# नगरी में ओबीसी संयोजन समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ओबीसी संयोजन समिति की बैठक मंगलवार को देवांगन समाज भवन नगरी में हुई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता शत्रुघन साहू, टिकेश्वर साहू, आलोक सिन्हा, प्रेमन साहू सहित अन्य समाज प्रमुखों की उपस्थिति में हुआ।

बैठक का मुख्य उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक सशक्तिकरण, संगठनात्मक मजबूती तथा समाज के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करना रहा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि ओबीसी वर्ग देश की सामाजिक एवं आर्थिक संरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा है और समाज को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। बैठक में समाज प्रमुखों ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने, युवाओं और महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ओबीसी समाज को और अधिक संगठित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समाज हित में निरंतर कार्य करने तथा सामाजिक एकता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

### एकजुटता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत

बैठक में वर्षों से ओबीसी समाज को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों, आरक्षण व्यवस्था, शिक्षा एवं रोजगार में अवसरों, सामाजिक न्याय तथा राजनीतिक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने समाज के युवाओं को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और नेतृत्व क्षमता के विकास की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता शत्रुघन साहू ने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी वर्गों और समाजों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करने पर जोर दिया। अन्य वक्ताओं ने भी समाज के हितों से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे।

# बिजली व्यवस्था सुधारने विभाग सक्रिय, रात में बहाल हुई सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भीषण गर्मी और बढ़ते बिजली लोड के बीच शहर में लो-वोल्टेज और बिजली ट्रिपिंग की समस्या सामने आने लगी है। हालांकि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की टीम लगातार सुधार कार्य में जुटी हुई है। रात में वार्डों एवं गांवों में शिकायत मिलने के बाद विभागीय अमला मौके पर पहुंचा और देर रात बिजली व्यवस्था बहाल कर दी गई। रात करीब 7 बजे से बिजली चली गई , गर्मी और उमस के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम रात में मौके पर पहुंची और तकनीकी समस्या को दूर कर सप्लाई सामान्य की गई।

सीएसईबी धमतरी जोन के एई भरत सिन्हा ने बताया कि हवा तूफान और बारिश के चलते तकनीकी खामियां आ गई थीं। वार्डों से शिकायत मिलती रही जिसे घंटे भर बाद सुधार लिया गया। ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त दबाव पड़ने से ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। विभाग द्वारा लगातार मॉनिटरिंग कर सुधार कार्य किया जा रहा है ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि शिकायतों के निराकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कर सकते हैं। विभाग का दावा है कि शिकायत मिलते ही तकनीकी टीम को तत्काल रवाना किया जाता है।

शहर में बढ़ती बिजली खपत को देखते हुए विभाग अब ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने, लाइन मेंटनेंस और तकनीकी सुधार पर भी जोर दे रहा है। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह त्वरित कार्रवाई जारी रही तो गर्मी, बारिश के मौसम में बिजली व्यवस्था और बेहतर हो सकेगी।

## अंचल की खबरें

### मेघा के कार्यकर्ताओं ने की पूजा अर्चना



**मगरलोड।** भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल देश में सर्वाधिक दिन शासन करने वाले आजाद भारत का सर्वश्रेष्ठ शासन काल है। 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने मेघा के पंचमुखी हनुमान मंदिर व नर्मदेश्वर शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया।

### नपं अध्यक्ष ने निर्माणाधीन पीएम आवास का किया निरीक्षण



**अंवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 12 में हितग्राही डिगेश्वर साहू पिता भगत साहू के निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने हितग्राही एवं उनके परिवार से मुलाकात कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने हितग्राही को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, सभापति हितेंद्र साहू तथा हितग्राही का परिवार उपस्थित रहा।

### आंगनबाड़ी सोरिद में किशोरियों को लगा एचपीवी का टीका



**धमतरी।** सोरिद स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 14 एवं 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका लगाया गया। इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन मौजूद रहीं। किशोरियों तथा उनके अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एचपीवी टीकाकरण के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह टीका भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में सहायक है। किशोरियों को समय पर टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया। महिला आयोग समिति के सदस्यों ने भी किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। समिति ने किशोरियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि किशोरियों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समाज की प्राथमिकता है। सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र बालिका तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

# टूटी पाइपलाइन, दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

- ग्राम सेमरा (सी) के ग्रामीणों ने पाइपलाइन की स्थायी मरम्मत करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद विकासखंड के ग्राम सेमरा (सी) में पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन पिछले लगभग दो माह से क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन टूटने से पानी लगातार बह रहा है और आसपास की गंदगी पाइप में मिल जाने की आशंका बनी हुई है, जिससे 6-7 घरों के लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।

शिकायतकर्ता गजेंद्र सिन्हा ने बताया कि पाइपलाइन की मरम्मत कई बार की गई, लेकिन सड़क निर्माण कार्य में लगे भारी वाहनों की आवाजाही के कारण पाइप फिर से क्षतिग्रस्त हो जाती है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों और सड़क निर्माण एजेंसी के जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब सड़क निर्माण कार्य के प्रभारी से संपर्क किया जाता है तो वे मरम्मत कर्मियों को भेजने की बात कहते हैं, जबकि मरम्मत करने वाले कर्मचारी केवल आने का आश्वासन देते हैं। कई बार फोन करने पर फोन तक बंद कर दिया जाता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पाइपलाइन की स्थायी मरम्मत कर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए तथा सड़क निर्माण एजेंसी की जवाबदेही भी तय की जाए।

# नपं अध्यक्ष ने विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 8 में चल रहे नाली निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्रीमती जैन ने निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं एवं समस्याओं से अध्यक्ष को अवगत कराया। अध्यक्ष ने समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन देते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने की बात कही।

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। रहवासी भी गुणवत्ता पूर्वक किए जा रहे कार्यों पर नजर रख सकते हैं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# जनहित के मांगों पर प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

- खेती बचाओ आंदोलन समिति ने सात विषयों पर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




खेती बचाओ आंदोलन समिति छग ने सात आवश्यक जनहित मांगों को लेकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

गुरुवार को ओबीसी संयोजक समिति छग से संबद्ध खेती बचाओ आंदोलन समिति की ओर से जनहित मांगों में कहा गया है कि राज्य में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण किसानों की फसलें नष्ट हो रही है। सड़क दुर्घटनाओ में वृद्धि हो रही है। प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर सुसज्जित गौठान एवं पशु आश्रय केंद्रों का निर्माण एवं प्रभावी संचालन, सहकारी समितियों में खाद और बीज की कमी के कारण किसानों को निजी दुकानों से अत्यधिक मूल्य पर सामाग्री खरीदी करनी पड़ रही है। सहकारी समितियों में गुणवत्तायुक्त खाद बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध्ध कराने तथा कालाबाजारी पर कठोर कार्रवाई, नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व सभी शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को निशुल्क पाठय पुस्तक एवं गणवेश उपलब्ध्ध कराने, नकली एवं निम्न गुण्वत्ता वाले खाद बीज के कारण किसानों को भारी आर्थिक क्षति हो रही है। इससे भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है। कृषिविभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाकर दोसी कंपनी एवं विक्रेताओं पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। डीजल एवं आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से आमजनता प्रभावित हो रही है। नशीले पदार्थो की अवैध बिक्री एवं तस्करी युवाओं की भविष्य को नुकसान पहुंचा रही है। ऐसे अवैध कारोबार पर विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रुप से केंद्रीय समिति सदस्य टिकेश्वर साहू, प्रदेश प्रभारी सतवंत सिंह महिलांगे, रामविशाल साहू, दाऊलाल साहू, रसूल खान, जाहिद खान, धनऊ यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)



- 14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
- A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
- Multi Para Monitors / Bubble CPAP
- Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
- Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
- State of the art NICU including care for Preterm, Term
- वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
- Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
- प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
- 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़

समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### श्री रामलला तीर्थ दर्शन योजना में संख्या बढ़ाने पार्षद ने की मांग

**धमतरी।** वार्ड पार्षद प्रकाश सिन्हा ने श्री रामलला तीर्थ दर्शन योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने की मांग उठाई है। उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को आवेदन भेजकर धमतरी जिले के लिए स्वीकृत दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। पार्षद प्रकाश सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में धमतरी शहर से केवल 10 तथा पूरे जिले से मात्र 135 आवेदनों को ही स्वीकृति मिल रही है। यह प्रक्रिया भी दो से तीन माह में एक बार होती है, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु योजना का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में भगवान श्रीराम के प्रति लोगों की गहरी आस्था है और बड़ी संख्या में नागरिक अयोध्या जाकर श्री रामलला के दर्शन करना चाहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पार्षद प्रकाश सिन्हा ने स्वीकृत आवेदनों की संख्या बढ़ाकर कम से कम एक हजार किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे जिले के अधिक श्रद्धालुओं को योजना का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर धमतरी जिले के श्रद्धालुओं को राहत प्रदान करेंगे।

### विप्र विद्वत परिषद् के नव नियुक्त अध्यक्ष का हुआ सम्मान

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद् के नव नियुक्त अध्यक्ष बालेंद्र पांडे का धमतरी में ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मंत्रोच्चार, तिलक, शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परिषद् के पूर्व अध्यक्ष अशोक पांडे शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। जानकी प्रसाद शर्मा ने तिलक लगाकर स्वागत किया, जबकि भूपेन्द्र मिश्रा ने शाल एवं अशोक मिश्रा ने श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने नव नियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए परिषद् के विस्तार पर जोर दिया। जानकी प्रसाद शर्मा ने कहा कि धमतरी शहर के लगभग सात सौ ब्राह्मण परिवारों में कई विद्वान आचार्य एवं पुरोहित समाज सेवा करते हुए संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विप्र विद्वत परिषद् समाज के विद्वानों को संगठित करने का महत्वपूर्ण मंच है। अशोक मिश्रा और रामावतार शर्मा ने परिषद् को जिलेभर के पंडितों एवं पुरोहितों तक विस्तारित करने की आवश्यकता बताई, ताकि सभी समाजजन इसका लाभ प्राप्त कर सकें। वहीं भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया जाना समाज की एकता और अखंडता का प्रतीक है। राजेन्द्र शर्मा एवं कमल नारायण तिवारी ने नव नियुक्त अध्यक्ष से शीघ्र बैठक आयोजित कर अन्य पदाधिकारियों के सम्मान कार्यक्रम करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र मिश्रा तथा आभार प्रदर्शन अशोक शास्त्री पांडे ने किया। समारोह में महिला मंच, युवा मंच एवं ब्राह्मण समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

## एथलेटिक्स एवं तीरंदाजी प्रशिक्षण से खिलाड़ियों में निखरी प्रतिभा, अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी के तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2026 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह शिविर 9 मई से 8 जून 2026 तक अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम, भखारा में संचालित किया गया। शिविर में एथलेटिक्स एवं तीरंदाजी खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बालक-बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर के सफल संचालन में सेजेस भखारा एवं फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी भखारा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान खिलाड़ियों को खेलों की मूलभूत तकनीकों, शारीरिक दक्षता, अनुशासन, खेल भावना तथा प्रतिस्पर्धात्मक तैयारी के संबंध में विशेष मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक मनोज कुमार साहू एवं सहयोगी समीर कुमार गौर सहित प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे।

### निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़े : ज्योति

शिविर के समापन अवसर पर नगर पंचायत भखारा-भठेली की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेलों में निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में श्रीमती जैन ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास और अनुशासन का भी आधार हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।



### अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में हुआ प्रशिक्षण

शिविर में खेल प्रशिक्षक एवं सहयोगी प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। एथलेटिक्स और तीरंदाजी की तकनीकी बारीकियों के साथ-साथ फिटनेस, स्टैमिना, एकाग्रता एवं मानसिक मजबूती पर भी विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिदिन आयोजित अभ्यास सत्रों से खिलाड़ियों की खेल क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

## परखंदा में नियमों को ठेंगा दिखा महानदी किनारे सुलग रहे दर्जनों अवैध ईंट भट्ठे, प्रशासन ने दिए जांच के निर्देश

# पंचायत से एनओसी तक नहीं लाखों ईंटें बनाकर काट रहे चांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

कुरूद विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत परखंदा में नियमों को ताक पर रखकर महानदी के किनारे दर्जनों लाल ईंट भट्ठों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। नदी किनारे ईंट भट्ठों के संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध होने के बावजूद, ईंट माफिया प्रशासन के नियमों को ठेंगा दिखाकर लाखों का कारोबार कर रहे हैं। इस अवैध कारोबार से जहाँ एक ओर महानदी तट पर मिट्टी का कटाव तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुँच रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नियमों के मुताबिक नदी किनारे ईंट भट्ठे संचालित करने की सख्त मनाही होती है। इसके बावजूद ठेकेदारों द्वारा बिना किसी डर के मनमानी की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि इन भट्ठों के संचालन के लिए स्थानीय ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र तक नहीं लिया गया है। जबकि ईट भट्ठे शासकीय घास जमीन पर बनाएं जा रहे है। बिना किसी वैध अनुमति के कुछ रसूखदार ठेकेदार यहाँ 15 से 20 लाख ईंटें बनाकर चांदी काट रहे हैं। ईंट निर्माण के लिए नदी की रेत और बेशकीमती मिट्टी का धड़ल्ले से दोहन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पर्यावरण और कृषि भूमि के संरक्षण के लिए लाल ईंट के निर्माण पर कड़े नियम लागू किए गए हैं, लेकिन यहाँ खनिज, राजस्व और पर्यावरण विभाग की मूक सहमति के चलते ईंट माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। समस्या यहीं खत्म नहीं होती, कई ईंट भट्ठे तो मुख्य सड़क से बिल्कुल सटकर संचालित हो रहे हैं। इस भीषण गर्मी के मौसम में इन भट्ठों से निकलने वाली तपती आग, धुँआ और उड़ती राख राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुकी है।

सड़क से गुजरने वाले लोगों की आँखों में भट्ठे की राखड़ घुस रही है, जिससे दृश्यता कम होने के कारण लोग आए दिन डॉक्टरों के पास पहुंच रहे हैं। जब भी स्थानीय ग्रामीण या राहगीर इस बढ़ते प्रदूषण और अवैध संचालन पर आपत्ति जताते हैं, तो भट्ठा संचालक कुम्हार जाति को पारंपरिक रूप से मिली सरकारी छूट का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि इस छूट की आड़ में बड़े-बड़े कमर्शियल ठेकेदार लाखों का अवैध मुनाफा कमा रहे हैं।

ग्राम पंचायत सचिव लुकेश साहू ने बताया कि गाँव के नदी किनारे सरकारी घास जमीन पर माफियाओं द्वारा दर्जनों ईंट भट्ठों का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है। नियमानुसार इस जमीन का व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद ठेकेदारों ने इस पर कब्जा जमा रखा है। इन भट्ठों को संचालित करने वाले किसी भी ठेकेदार या संचालक ने ग्राम पंचायत से एनओसी नही लिया है। यही नहीं ये लोग पंचायत या शासन को किसी भी प्रकार का राजस्व शुल्क (टैक्स) भी भुगतान नहीं कर रहे हैं। ग्राम पंचायत द्वारा इन अवैध ठेकेदारों को कई बार आधिकारिक नोटिस जारी किया जा चुका है, लेकिन इन पर नोटिस का कोई असर नहीं पड़ता।

सरपंच माधुरी मोहित साहू ने कहा कि गांव में अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठों से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण राख और धुंआ से खासे परेशान है। बाहर से आएं ठेकेदार लाखों की संख्या में लाल ईट बनाकर व्यवसाय कर रहे है। मना करने पर दादागिरी पर उतर आते है। ग्रामीणों की मांग की इन अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठों पर प्रशासन कठोर कार्रवाई करे।



### अवैध भट्ठों पर कार्रवाई

परखंदा में महानदी किनारे अवैध ईंट भट्ठों के संचालन के मामले को गंभीरता से लेते हुए खनिज विभाग को निर्देशित किया गया है। टीम भेजकर मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी अवैध रूप से संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**- नभसिंह कोशले,** *एसडीएम कुरूद*

### रिहायशी इलाकों में भी सुलग रहे भट्ठे, ग्रामीणों का जीना मुहाल

नदी किनारे के साथ-साथ अब इन ठेकेदारों ने आबादी वाले रिहायशी इलाकों को भी नहीं बख्शा है। परखंदा के बाजार चौक पानी टंकी के नीचे ही बस्ती और मोहल्लों के बीच बेधड़क ईंट भट्ठे सुलगाए जा रहे हैं। ईंट पकाने के लिए भारी मात्रा में धान की भूसी और लकड़ियों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे निकलने वाला जहरीला धुआं ग्रामीणों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों की सेहत खराब कर रहा है। ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध किए जाने के बावजूद ठेकेदार अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। अब देखना यह होगा कि इस गंभीर मामले पर कुंभकर्णी नींद में सोया स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग कब जागता है और इन अवैध ईंट माफियाओं पर क्या ठोस कार्रवाई की जाती है।

## उमरदा सड़क हादसे के बाद उपद्रव पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



कुरूद-मगरलोड मार्ग स्थित ग्राम उमरदा के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत और एक के गंभीर रूप से घायल होने के बाद हुए हंगामे के मामले में पुलिस ने अज्ञात असामाजिक तत्वों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर हादसे के लिए जिम्मेदार हाईवा वाहन तथा उपद्रव में शामिल लोगों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 8 बजे महानदी क्षेत्र से रेत भरकर मेघा की ओर से कुरूद आ रही एक अज्ञात हाईवा ने उमरदा के पास सामने से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में भैंसमुंडी निवासी मकान ठेकेदार लीलाराम साहू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मिस्त्री गिरेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद हाईवा चालक वाहन सहित फरार हो गया। घटना के बाद समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंचने, रेत परिवहन में लगी तेज रफ्तार हाईवा वाहनों पर नियंत्रण लगाने तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसके कारण करीब दो से तीन घंटे तक मृतक का शव सड़क पर पड़ा रहा और यातायात प्रभावित रहा। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब आक्रोशित लोगों ने मौके पर पहुंची एक निजी एंबुलेंस में तोड़फोड़ कर दी तथा उसके चालक राधेश्याम निर्मलकर के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे एक पुलिस अधिकारी को भी लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा।

एंबुलेंस चालक राधेश्याम निर्मलकर, निवासी कलारपारा कुरूद, की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 296(बी), 115(2), 351(2), 324(4) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस का कहना है कि घटना से संबंधित वीडियो फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उपद्रवियों एवं फरार हाईवा वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं सड़क दुर्घटना के लिए जिम्मेदार हाईवा चालक की भी तलाश जारी है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर चंडी मंदिर में हुई विशेष पूजा-अर्चना



■ विधायक चंद्राकर बोले-विकसित भारत के संकल्प को नई गति दे रहा प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कुरूद विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने मां चंडी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आतिशबाजी और मिठाई वितरण कर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने खुशी व्यक्त की।

10 जून की शाम चंडी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 140 करोड़ जनता को एक सामूहिक चेतना के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। देश को ऐसा नेतृत्व मिला, जिसने प्रधान सेवक की भावना के साथ सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाया।

चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल उपलब्धियों की कहानी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की भागीदारी, विश्वास और संकल्प का प्रतीक हैं। यही जनशक्ति विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चौथे कार्यकाल के दौरान भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में और अधिक तेजी से आगे बढ़ेगा।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, केशव चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, वैभव चंद्राकर, भूपेंद्र सिन्हा, पार्षद महेंद्र गायकवाड़, मिथलेश बैस, राजकुमारी ध्रुव, प्रभात बैस, थानेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## मोदी के नेतृत्व में बदला भारत का सामर्थ्य और स्वाभिमान : उमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मोदी जी को देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले प्रधानमंत्री के रूप में नई उपलब्धि स्थापित करने पर भाजपा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उमेश साहू ने हर्ष व्यक्त किया है। उमेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में जिस गति से विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, वैश्विक प्रतिष्ठा और जनकल्याण के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं, वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो चुका है। आज भारत विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने वाला सशक्त राष्ट्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का संकल्प बनाया है।



गरीब कल्याण, महिलाओं का सम्मान, किसानों का उत्थान, युवाओं के लिए अवसर, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विस्तार, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, जनधन योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने वाली अनेक योजनाएं उनके दूरदर्शी नेतृत्व की पहचान हैं।

### अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं

**धमतरी।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित धमतरी के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सोरिद स्थित लिमाही तालाब परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम की सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री श्याम मंडावी, जिला महामंत्री रामखिलावन कंवर, जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, पूर्व पार्षद दीपक गजेंद्र सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर हुई बैठक



**धमतरी।** क्रीड़ा भारती जिला धमतरी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 19 जून को सुबह 6 बजे गुप्ता हॉस्पिटल के पीछे महालक्ष्मी ग्रीन राधाकृष्ण भवन में आयोजित होगा। संरक्षक एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा की अध्यक्षता व लक्ष्मण साहू पहलवान, टिकेश्वर निर्मलकर, ननकू महाराज, विकास ठाकुर एवं योग प्रशिक्षक दिनेश नाग, उमराव साहू, संदीप, उत्तरा सिंह गौतम, संतोषी, डाली यादव, तिलक कुमार ध्रुव की उपस्थिति में आयोजन को लेकर बैठक हुई।

### देश के प्रधानमंत्री मोदी के लिए भाजपा आमदी मण्डल ने किया भोलेनाथ का जलाभिषेक



**धमतरी।** भाजपा आमदी मण्डल द्वारा आज नीलकण्ठ महादेव मंदिर विवेकानंद नगर धमतरी में पूजन अर्चन एवम जलाभिषेक कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वर्णिम कार्यकाल एवं उनके उज्जवल भविष्य दीर्घायु के लिए जलाभिषेक के साथ महादेव जी की आरती एवं प्रार्थना के साथ महामृत्युंजय मंत्र जाप किया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहिताश मिश्रा, विद्याधर दीवान, राजकुमार तिवारी, मण्डल उपाध्यक्ष रीटा बंजारे, अनिल तिवारी महामंत्री, कोमल देवांगन महामंत्री, मण्डल अध्यक्ष अजजा संतोष, देवेश अग्रवाल, मुरारी सिन्हा एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में व्यवस्था एवं कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती सुशीला तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रही। अंतिम में विवेकानंद नगर बूथ के दिवंगत बूथ अध्यक्ष स्वर्गीय उमेश शाह एवं स्वर्गीय श्रीमती उर्मिला साहू माता राकेश साहू (जिला महामंत्री भाजपा) पुण्यात्मा की शांति के लिए मौन सभा हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित राजकुमार तिवारी ने पूजन सम्पन्न कराया।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**धमतरी।** परिक्षेत्र साहू समाज खरतुली द्वारा साहू सदन खरतुली में प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष गणेशराम साहू ने कहा कि प्रतिभा ईश्वर का अनमोल उपहार होती है, लेकिन निरंतर मेहनत और लगन से इसे और निखारा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जिला साहू संघ धमतरी के उपाध्यक्ष गोपाल साहू, तहसील साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष चिरौंजी साहू, जनपद सदस्य संत कुमारी, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला धमतरी के सलाहकार भिखारी साहू, तहसील साहू संघ के कोषाध्यक्ष नंदझरोखा, अध्यक्ष रूपेंद्र गंजीर एवं सचिव उमाशंकर साहू उपस्थित थे।

### पीएम मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भोलेनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी एवं धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोरिद स्थित भोलेनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया जिसमें नगर निगम की सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने भगवान भोलेनाथ का पूजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के पश्चात भीषण गर्मी को देखते हुए आमजनों को छाछ का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरज अग्रवाल के सहयोग से हुआ। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रितेश नेताम, रेखा, चंद्रहास सेन, अमल सेन, राजेश्वर सिन्हा, अंकालू राम सिन्हा, पिताऊ साहू,काशीराम साहू,पंकज गौतम, टिक्कू विश्वकर्मा, रामकुमार, भगवानी सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

### डांडेसरा में आवास एवं रोजगार दिवस मनाया गया

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत डांडेसरा के रेलवाही तालाब कार्य पर मनरेगा योजना अंतर्गत रोजगार दिवस एवं आवास दिवस मनाया गया। रोजगार सहायक एमंत कंवर ने मजदूरों को योजना के संबंध में जानकारी दी तथा अपूर्ण आवास हितग्राही को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने के लिए कहा गया। सभी आवास हितग्राहियों तथा ग्राम के मजदूरों को अपने-अपने घरों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग बनाकर पानी संचयन करने के बारे में बताया। ग्रामीणों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप



### शासकीय जमीन से हटा अतिक्रमण

**धमतरी।** राजस्व विभाग, पुलिस और ग्राम पंचायत की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम मरादेव में 2 एकड़ में अतिक्रमण हटाया। इस दौरान अवैध रूप से निर्मित बाउंड्रीवाल पर बुलडोजर चलाकर उसे पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया। जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि मरादेव में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया गया है। शिकायत की जांच के बाद राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और सीमांकन के बाद अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। नायब तहसीलदार दुर्गेश तंवर ने बताया कि मरादेव गांव में नारद राम गोंड द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। जांच में पाया गया कि लगभग 2 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया था। जिसे हटाया गया। यह भूमि खसरा नंबर 122 में दर्ज शासकीय भूमि है, जो छोटे-बड़े झाड़ के जंगल की श्रेणी में आती है। उन्होंने बताया कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की गई है और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्ती बरती जाएगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग, पुलिस बल और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### समय पर पुस्तक वितरण नहीं होने पर अशासकीय विद्यालय संचालक संघ नाराज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ ने छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि निगम लगातार दूसरे वर्ष भी निजी विद्यालयों तक समय पर निशुल्क पाठ्य पुस्तकें पहुंचाने में विफल साबित हो रहा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी एवं सचिव मनोज पाण्डेय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि शासकीय विद्यालयों को जहां संकुल एवं स्कूल स्तर पर पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं, वहीं निजी विद्यालयों को अब भी छत्तीसगढ़ के छह डिपो से पुस्तक लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। संघ ने बताया कि वर्ष 2025-26 में भी निजी विद्यालयों को कई बार डिपो के चक्कर लगाने पड़े थे और सितंबर तक पुस्तक वितरण चलता रहा। कई विषयों की पुस्तकें सत्र समाप्ति तक नहीं मिल पाई थीं। इसके अलावा पुस्तकों की स्कैनिंग व्यवस्था को लेकर भी शिक्षकों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ी। संगठन का कहना है कि शिक्षकों को पढ़ाई छोड़कर 15 दिन से एक महीने तक केवल स्कैनिंग कार्य में लगना पड़ा। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि पुस्तक वितरण में देरी और अव्यवस्था के बावजूद निगम जिम्मेदारी तय नहीं कर पा रहा है। 16 जून से नया शिक्षा सत्र शुरू होना है, लेकिन 11 जून तक निजी विद्यालयों के लिए पुस्तक वितरण की कोई तिथि जारी नहीं की गई है। संगठन ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मांग की है कि निजी विद्यालयों को भी संकुल स्तर पर पुस्तक उपलब्ध कराई जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर पुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई गईं तो आंदोलन किया जाएगा।

### परिवहन विवाद पर दि आंदोलन की चेतावनी

**भानुप्रतापपुर।** गोदावरी माइंस में डस्ट धंसने की घटना के बाद अवैध परिवहन और डंपिंग के आरोपों को लेकर विवाद गहरा गया है। शिवसेना के प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। आरोप है कि बिना रॉयल्टी और ट्रांजिट पास के डस्ट मटेरियल का परिवहन किया जा रहा है। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

# रामकथा उत्सव में गूंजा सीताराम विवाह प्रसंग, लोग हुए भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

माहेश्वरी महिला मंडल कुरूद द्वारा आयोजित रामकथा उत्सव में कथा प्रवक्ता बाल योगी विष्णु अरोरा ने श्रद्धालुओं को श्रीराम चरित्र के आध्यात्मिक और जीवनोपयोगी संदेशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर राम तत्व विद्यमान है और उसके दर्शन मन रूपी दर्पण से किए जा सकते हैं। श्रीरामचरितमानस मनुष्य के जीवन की दृष्टि को निर्मल बनाकर उसे ज्ञान और आनंद का मार्ग दिखाती है।

माहेश्वरी समाज भवन में कथा के दौरान श्री अरोरा ने सीता-राम विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने राजा जनक की पुष्प वाटिका से कथा की शुरुआत करते हुए सीता और राम की प्रथम भेंट का श्रृंगार रस से परिपूर्ण चित्रण किया। जब माता सीता अपनी सखियों के साथ पुष्प तोड़ने वाटिका पहुंचीं, तब प्रभु श्रीराम के साथ उनका प्रथम साक्षात्कार हुआ। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके पश्चात सीता-राम विवाह की पारंपरिक शैली में संगीतमय प्रस्तुति और आकर्षक झांकियों ने पूरे पंडाल को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर विधायक अजय चंद्राकर ने कथा प्रवक्ता श्री अरोरा को लाल साफा भेंट कर सम्मानित किया। कथा श्रवण के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू , नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, रमेश केला, नवलकिशोर केला, रामकिशोर केला, भीखमचंद केला, अरुण केला, ओमप्रकाश केला, भंवरलाल केला, गोविंद सदानी, सुरेश केला, ओंकारदास राठी, श्याम चांडक, मनोज केला, महेश केला, सुशील केला, अशोक केला, विनोद राठी, आनंद राठी, विजय केला, संजय केला, हरीश केला, प्रतीक केला, चंदन केला, कमलेश गांधी, नयन सदानी, आशीष केला सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने रामकथा का रसपान किया।

**बाल योगी विष्णु अरोरा ने बताया-'हर मनुष्य के भीतर विराजित हैं राम'**




## कलेक्टर के आदेश पर तत्कालीन सरपंच श्रीमती यमुना कामड़े पद से पृथक

# कोर्रा में धारा 40 की कार्रवाई के बाद बदला पंचायत का नेतृत्व, चोवाराम साहू संभालेंगे कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

**जनपद सीईओ ने जारी किया आदेश, आगामी निर्वाचन तक उपसरपंच को वित्तीय व प्रशासनिक जिम्मेदारी**




यमुना कामड़े

**पूर्व सरपंच के अनुभव पर भरोसा**



बता दे कि कार्यभार संभालने वाले चोवाराम साहू पूर्व में भी ग्राम पंचायत कोर्रा के सरपंच रह चुके हैं। उनके पिछले कार्यकाल में गांव में सड़क निर्माण, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए थे। उनके इसी लंबे प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए पंचायत के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है।

**विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद**

अब पंचायत के विकास कार्यों, वित्तीय प्रबंधन, सरकारी योजनाओं के संचालन और प्रशासनिक निर्णयों की जिम्मेदारी पूर्व सरपंच चोवाराम के नेतृत्व में संचालित होगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनके अनुभव और कार्यशैली का लाभ पंचायत को मिलेगा तथा पिछले कुछ समय से प्रभावित हुए विकास कार्यों की गति एक बार फिर बनी रहेगी। जनपद पंचायत कुरूद द्वारा इस आदेश की प्रतिलिपि कलेक्टर धमतरी, जिला पंचायत धमतरी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरूद तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दी गई है।

कुरुद विकासखंड के ग्राम पंचायत कोर्रा में प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर बड़ा बदलाव हुआ है। कलेक्टर धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत कार्रवाई करते हुए तत्कालीन सरपंच श्रीमती यमुना कामड़े को पद से पृथक कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद पंचायत में सरपंच का पद रिक्त हो गया था, जिसे देखते हुए प्रशासन ने नए नेतृत्व की व्यवस्था की है।

जनपद पंचायत कुरूद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1225/ज.पं./पंचा.शा./2026 दिनांक 11 जून 2026 में बताया गया है कि कलेक्टर न्यायालय के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है। पंचायत के प्रशासनिक, वित्तीय एवं विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत, आगामी स्थायी निर्वाचन तक उपसरपंच चोवा राम साहू को सरपंच का आगामी कार्यभार सौंपा गया है।

इस बड़े राजनीतिक और प्रशासनिक घटनाक्रम के बाद गांव में चर्चा का माहौल गर्म है। पंचायत के नेतृत्व में आए इस अचानक परिवर्तन को स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं, आगामी सरपंच निर्वाचन की प्रक्रिया पर भी अब ग्रामीणों की नजरें टिकी हुई हैं।

कोर्रा पंचायत में नेतृत्व परिवर्तन के साथ अब विकास कार्यों की निरंतरता और भविष्य की पंचायत राजनीति को लेकर नई संभावनाओं एवं अपेक्षाओं का दौर शुरू हो गया है।

# पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बना डिजिटल क्रांति और विकास का वैश्विक प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्तीसगढ़ के सोशल मीडिया प्रभारी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा धमतरी के उपाध्यक्ष चित्रांश नागवंशी ने कहा कि बुधवार को 4399 दिनों का कार्यकाल पूर्ण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं। यह उपलब्धि केवल एक राजनीतिक पड़ाव नहीं, बल्कि देश की प्रगति, सुशासन और जनकल्याण के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विशेष रूप से डिजिटल इंडिया अभियान ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने का कार्य किया है। आज यूपीआई और डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से गांव, कस्बे और शहरों में आर्थिक लेन-देन सरल, सुरक्षित और पारदर्शी हुआ है।

चाय की दुकान से लेकर बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक डिजिटल भुगतान सामान्य व्यवस्था बन चुका है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और पारदर्शिता बढ़ाने में भी मदद मिली है।

चित्रांश नागवंशी ने कहा कि जनधन, आधार और मोबाइल की त्रिस्तरीय व्यवस्था ने करोड़ों लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल भुगतान तंत्र संचालित कर रहा है और अनेक देश भारत के डिजिटल मॉडल का अध्ययन कर रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान कोविड प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीकाकरण अभियान की सफलता ने भी भारत की तकनीकी क्षमता का परिचय विश्व को कराया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज आत्मनिर्भरता, नवाचार, स्टार्टअप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत का संकल्प अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है और आने वाले वर्षों में भारत विश्व मंच पर और अधिक सशक्त एवं प्रभावशाली भूमिका निभाएगा।

# मोदी के ऐतिहासिक नेतृत्व पर मां तुलजा भवानी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जननेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 4399 दिनों के ऐतिहासिक, गौरवशाली एवं जनकल्याणकारी कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर धमतरी में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा सहित भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मां तुलजा भवानी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, यशस्वी नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा के निरंतर सफल अभियान के लिए मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी, निर्णायक एवं सशक्त नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना एवं गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियों का नया अध्याय रचा है। आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है तथा वैश्विक स्तर पर देश का गौरव और सम्मान नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का संकल्प साकार हो रहा है। केंद्र सरकार की जनहितैषी एवं परिवर्तनकारी योजनाएं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह ऐतिहासिक कार्यकाल राष्ट्र निर्माण, सुशासन, सेवा, समर्पण और विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त, विकसित और विश्वगुरु बनाने की दिशा में जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मां तुलजा भवानी से प्रार्थना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के निरंतर विकास, समृद्धि, वैभव एवं वैश्विक नेतृत्व की कामना की।

## कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम हथबंद में रोपे गए पौधे

**जीजामगांव।** ग्राम हथबंद स्थित कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम में पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर छायादार एवं उपयोगी प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। गुलमोहर, काजू, बादाम, पाम, लक्ष्मी तरु, अशोक के पौधे रोपे गए। मौके पर ब्रह्मचारिणी आश्रम से सानिध्य साहेब, पदमा साहेब, सेवती साहेब, राम प्रकाश साह सरपंच, श्रीमती हुलसी साहू पूर्व सरपंच, श्रीमती त्रिवेणी साहू पंच, लेखराम निषाद ग्राम सेवक, कबीर आश्रम समिति अध्यक्ष गिरवर साहू, सचिव यशवंत साहू, समिति सदस्य थनेंद्र साहू, हेमंत साहू, दुखुराम साहू, जगदीश साहू, घनाराम साहू, गिरधारी साहू, इंद्र देवांगन, दुलेश्वर, खुशहाल, छोटेलाल, जीतू, कुमारी बाई सहित अन्य ग्रामवासियों ने एक-एक पौधा लगाया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली बचाना हम सबका कर्तव्य है।

# मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 4399 दिन का ऐतिहासिक कार्यकाल पूरा

- भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने जगन्नाथ पुरी में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारत के इतिहास में प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर लगातार सबसे अधिक दिनों तक संभालने वाले नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 जून को 4399 दिनों का ऐतिहासिक कार्यकाल पूर्ण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राष्ट्र सेवा के इस गौरवपूर्ण अवसर को अविस्मरणीय बनाने भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री छत्तीसगढ़ प्रीतेश गांधी ने उड़ीसा के जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ के श्रीचरणों में साष्टांग दंडवत कर पूजा-अर्चना किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु जीवन, सुख-समृद्धि तथा राष्ट्र निर्माण के उनके संकल्पों की निरंतर सफलता के लिए विशेष प्रार्थना किया।

प्रीतेश गांधी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का ऐतिहासिक गौरव प्राप्त कर चुके हैं। यह सेवा-यात्रा 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास, समर्थन और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। आगे श्री गांधी ने कहा है कि अखंड भारत की परिकल्पना जनसंघ के संस्थापक महापुरुषों ने की थी उसे साकार करते हुए कश्मीर से धारा 370 को हटाया जाना तथा हमारे आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में भव्य एवं दिव्य राम मंदिर का निर्माण सबसे प्रमाणित स्वरूप के रूप में आज देश ही नहीं वरन विश्व पटल पर सनातन तथा हिंदुत्व के मानने वालों के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र बिंदु बना हुआ है।



# बेलरगांव बाजार स्थल में विशाल वृक्ष की डाल गिरने से मची अफरा-तफरी, बड़ा हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

बेलरगांव बाजार स्थल में एक विशाल वृक्ष की भारी डाल अचानक टूटकर गिर गई, जिससे बाजार क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के समय बाजार परिसर में लोगों की आवाजाही थी, लेकिन सौभाग्यवश कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि यह घटना बाजार के व्यस्त समय में होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

टूटी हुई डाल बाजार स्थल के शेड एवं आसपास के क्षेत्र पर गिर गई, जिससे परिसर में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से बाजार स्थल पर स्थित पुराने एवं जर्जर वृक्षों की जांच कर आवश्यक छंटाई कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि बाजार परिसर में कई पुराने वृक्ष मौजूद हैं, जिनकी बड़ी-बड़ी शाखाएं कभी भी टूटकर गिर सकती हैं। बरसात और तेज हवा के मौसम में इस प्रकार की घटनाओं की संभावना और बढ़ जाती है। लोगों ने भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए समय रहते सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

## पीएम मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर हुई पूजा-अर्चना

**अंवरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी भखारा द्वारा शिव मंदिर पुलिस थाना के पास भखारा में विशेष पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्र की निरंतर उन्नति की कामना की गई।

# मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर दंतेश्वरी मंदिर सांकरा में विशेष अराधना

- मोदी जी का 12 वर्ष का कार्यकाल जनकल्याण, विकास और सुशासन के लिए समर्पित : सार्वा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, विश्वास एवं विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज दंतेश्वरी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जिला कार्यकारिणी सदस्य रवि दुबे, जनपद सदस्य राजेश नाथ गोसाई, भाजपा नगरी मंडल महामंत्री सुलोचना साहू, सरपंच नागेंद्र बोरझा सहित गिरवर भण्डारी, हेमलता साहू, सत्ती मरकाम, रंजना साहू, अमेश ध्रुव, जन्मेजय साहू, पवन साहू, साधु राम साहू, महेश साहू, पारस साहू, बोधन साहू, रामदास मानिकपुरी, भूषण साहू एवं जनक राम साहू उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा के नेतृत्व में सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन तथा देश की निरंतर प्रगति, समृद्धि और विकास की कामना करते हुए विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की। श्री सार्वा ने प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के कार्यकाल को जनकल्याण, विकास और सुशासन के लिए समर्पित बताते हुए उनके नेतृत्व में देश की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।







